कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मध्य प्रदेश, सतपुड़ा भवन, भोपाल

(कक्ष-संयुक्त वन प्रबंधन/वन विकास अभिकरण)

क्रमांक/सं.व.प्र/व.वि.अ./ भोपाल, दिनांक 18/12/07

प्रति,

समस्त वन संरक्षक (क्षेत्रीय)
समस्त क्षेत्र संचालक (रा.उ.)
मध्य प्रदेश

विषयः- उत्कृष्ट कार्य करने वाले वन कर्मचारी, वन समिति तथा समितियों के सदस्यों को पुरुस्कृत करने की योजना ।

सन्दर्भः- म.प्र. शासन, वन विभाग का पत्र क्र./4689/3293/2007/10-2 दिनाकं 10.12.2007

--00—

विषयांकित में संदर्भित पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित है । पत्र में दिए गये निर्देशानुसार वन समिति, वन समितियों के सदस्य एवं वन कर्मचारियों को पुरुस्कृत करने हेतु चयन समिति का गठन करें एवं वर्ष 2007-08 हेतु प्रस्ताव प्राप्त कर वर्ष 2008-09 के बजट में पुरुस्कार हेतु आवश्यक राशि की मांग पत्र सक्षम अधिकारी को प्रेषित करें ।

वन समितियों को प्रोत्साहित करने प्रत्येक वन मंडल में एक उत्कृष्ट समिति को पुरस्कृत किया आना है । इस में क्षेत्रीय वन मंडल के समितियों के अलावा समीपस्थ अभ्यारण्य/ रा.उ. के ईको समितियों को भी सम्मिलित किया जावे एवं संबधित क्षेत्रीय वन मंडल नोडल रहेगा ।

वन कर्मचारी / अधिकारी को पुरस्कृत करने हेतु वन वृत्त के प्रशासनिक नियंत्रण के समस्त इकाईयों जैसे वन्य प्राणी अभ्यारण्य/ राष्ट्रीय उद्यान, अनुसन्धान विस्तार, कार्य आयोजना, वन विद्यालय /महाविद्यालय, उत्पादन एवं क्षेत्रीय वन मंडल आदि में पदस्थ समस्त कर्मचारी / अधिकारियों को सम्मिलित किया जावे । वन अधिकारियो के राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु प्रस्ताव मुख्य वन संरक्षक (समन्वय) को प्रेषित करें ।

पुरुस्कार हेतु पत्र में दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें एवं वन मंडलवार पुरस्कृत वन समिति एवं वन समितियों के सदस्यों की सूचि तथा पुरुस्कृत वन समिति द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यो के टीप के साथ इस कार्यालय को संलग्न प्रपत्र में भेजे ।

संलग्नः- उपरोक्तानुसार

मुख्य वन संरक्षक,
संयुक्त वन प्रबंधन/वन विकास अभिकरण
मध्य प्रदेश, भोपाल

पृ.क्र./सं.व.प्र/व.वि.अ/2324 भोपाल, दिनांक 18/12/07

प्रतिलिपिः- (1) प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) म.प्र. को सूचनार्थ ।

(2) समस्त अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक/ मुख्य वन संरक्षक म.प्र. भोपाल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

(3) मुख्य वन संरक्षक (समन्वय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित । कृपया वर्ष 2007-08 के वन कर्मचारियों/अधिकारियो के पुरस्कार योजना का क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करे ।

(4) समस्त वन मंडलाधिकारी (क्षेत्रीय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित । संदर्भित पत्र में दिए गये निर्देशानुसार वर्ष 2007-08 हेतु प्रस्ताव प्राप्त कर अनुशंसा वृत्त के अंतर्गत गठित चयन समिति के सदस्य सचिव को भेजे ।

संलग्नः- उपरोक्तानुसार

मुख्य वन संरक्षक,
संयुक्त वन प्रबंधन/वन विकास अभिकरण
मध्य प्रदेश, भोपाल

प्रपत्र-1

पुरस्कृत वन समिति की जानकारी

वन मंडल का नाम	पुरस्कृत वन समिति का प्रकार	समिति का नाम	गठन दिनांक	अध्यक्ष का नाम	सचिव का नाम	पुरस्कृत करने का दिनांक	रिमार्क
1	2	3	4	5	6	7	8

प्रपत्र-2

पुरस्कृत वन समिति सदस्यों की जानकारी

वन मंडल/ रा.उ. का नाम	पुरस्कृत समिति सदस्य का नाम			पुरस्कृत करने का दिनांक	रिमार्क
	वन सुरक्षा समिति सदस्य का नाम	ग्राम वन समिति सदस्य का नाम	ईको विकास समिति सदस्य का नाम		
1	2	3	4	5	6